हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025

9 नप कर्मियों ने हटवाया अतिक्रमण



10 दिनेश कौशिक ने विधायक के दावों को बताया गलत



## खबर संक्षेप

### दुर्गा वाहिनी का पथ संचलन आज

**बहादुरगढ़।** शहर के लेफ्टिनेंट महीपत सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन (मॉडर्न स्कूल) में 29 मई से शुरू हुआ विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 5 जून को संपन्न होगा। इसमें करीब 270 युवा बहनें भाग ले रही हैं। बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे पथ-संचलन का कार्यक्रम रखा गया है। यह ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम से प्रारंभ होकर मेन बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक से होते हुए किला मोहल्ला में सम्पन्न होगा।

### कमेटी बनाने को लेकर डीसी से मिले पदाधिकारी

**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी मंगलवार को पीड़ित किसानों के साथ झज्जर में जिला उपायुक्त से मिले। उन्होंने वैल्युएबल कमेटी में किसानों के प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चा की। साथ ही नई पॉलिसी पर भी विमर्श किया। किसानों ने कमेटी में गांवों के हिसाब से प्रतिनिधि चुनने का अनुरोध किया।

### 30 तक उठाएं विवादों से समाधान योजना का लाभ

**बहादुरगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अपने प्लॉट धारकों को राहत देने के लिए विवादों से समाधान योजना शुरू की गई थी। इसके तहत लोग अपनी लंबे समय से बकाया बढ़ी हुई राशि को कम दरों पर जमा कर सकते हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि इसके तहत 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह योजना आवासीय प्लॉट, फ्लैट्स, दुकानों, गेस्ट हाउस, और अन्य संपत्तियों पर लागू होती है।

### ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाएं शुरू

**बहादुरगढ़।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाओं (समर कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 स्थित बाल भवन में 2 जून से ये कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने बताया कि बच्चों की छिपी प्रतिभा को उजागर कर उनका मानसिक, शारीरिक और रचनात्मक विकास करने के उद्देश्य से यह कैंप लगाए जाते हैं। इस वर्ष समर कैंप में नृत्य, चित्रकारी एवं आत्मरक्षा जैसी विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियां शामिल की गई हैं।

### दो किलो गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने दो किलो गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीआईए इंचार्ज रवींद्र कुमार के अनुसार, सूचना मिली थी कि बिहार का निवासी आदित्य गांजा बेचता है और फिलहाल जाखोदा से टांडाहेड़ी रोड पर अंडरपास के पास इसी मंशा से मौजूद है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके बैग से दो किलो गांजा बरामद हुआ।

### एमएसपी में बढ़ोतरी को बताया नाकाफी

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडोठी ने केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को नाकाफी बताते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सी टू प्लस 50 प्रतिशत की सिफारिश पर आधारित नहीं है। धान की एमएसपी 3135 रुपए होनी चाहिए, लेकिन सरकार ने 2369 रुपए घोषित की। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वायदे अनुसार एमएसपी न बढ़ाकर पूरे भारत के किसानों को धोखा दे रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, मजबूरन भारत में हर दिन 31 किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन सरकार सुध नहीं ले रही।

## जिले में तीन लोग संक्रमित, डॉक्टर के बाद मां-बेटी मिली कोरोना पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में कोरोना के केस बढ़ने लगे है। सोमवार को कोरोना पॉजिटिव के दो नए केस सामने आए है। जिन्हें होम आइसोलेट कर दिया गया है। जिले में अब कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या तीन हो गई है।

बता दें कि इससे पूर्व एक चिकित्सक भी कोरोना पॉजिटिव मिला था। जिसे होम आइसोलेट किया गया है। वहीं चिकित्सक से मिलने वाले लोगों की भी हिस्ट्री खंगाली जा रही है। उधर, विभागीय स्तर पर कोरोना को लेकर पूरी तैयारियां की गई है। आईसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन, टेस्टिंग सहित तमाम इंतजाम किए गए है।

### बढ़ रहे केस, लोग जागरूक नहीं



कोरोना पॉजिटिव के केस दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है। जिले में इसकी संख्या तीन पहुंच गई है। लेकिन फिर भी लोगों में जागरूकता का अभाव दिखाई दे रहा है। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों के अलावा नागरिक अस्पताल में भी यहीं स्थिति दिखाई दी। चिकित्सकों एवं स्टॉफ सदस्यों के अलावा किसी भी व्यक्ति ने मॉस्क तक नहीं लगाया हुआ था।

## किसानों ने धरना देकर रोहद टोल फ्री कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ टोल पर फतेहाबाद के किसान के साथ विवाद के बाद किसान संगठन गरम

विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने मंगलवार को रोहद टोल प्लाजा कुछ घंटे तक फ्री करा दिया। किसानों ने टोल कर्मियों के रवैये के प्रति नाराजगी जताते हुए जमकर विरोध जताया और नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार, गत एक जून की सुबह यहां टोल प्लाजा पर शुल्क को लेकर फतेहाबाद के किसान का यहां टोल कर्मियों के साथ विवाद हो गया था। इसी बात से आहत किसान संगठनों की ओर से तीन जून को रोहद टोल पर धरना देने का ऐलान किया गया। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से इस संबंध में किसानों से अपील की गई। इसके बाद किसान वहां पहुंचे।



### सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसानों को शांत किया

मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे पगड़ी संभाला जट्टा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप नथवान की अगुवाई में काफी किसान टोल प्लाजा पर पहुंचे और यहां जमावड़ा लगा दिया। विकास सीसर, ममता कादियान, राजेंद्र कोहला, गीता, मोनिका नैन, सागर, संदीप, प्रदीप हुड्डा, रूप सिंह सहित विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े नेताओं ने किसानों को संबोधित किया। किसान नेताओं ने सभी टोल प्लाजा पर किसानों के लिए शुल्क माफ करने के लिए मांग उठाई। किसान नेताओं ने कहा कि जब कोई भी मंत्री, नेता व अधिकारी टोल प्लाजा से फ्री होकर गुजर सकते हैं तो किसान क्यों नहीं गुजार सकते हैं। इसके अलावा टोल कर्मियों को व्यवहार में भी सुधार करने को कहा। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार को इस बात पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है। उधर, सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत कराया। किसानों के जाने के जाने के बाद करीब ढाई बजे टोल पर स्थिति सामान्य हो सकी।

## केएमपी पर दो ट्रालों की टक्कर में कंडक्टर की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

### पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया, केस दर्ज

आसौदा के निकट केएमपी एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की सुबह जबरदस्त हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़े एक ट्राले से दूसरा ट्राला टकरा गया। हादसे में एक कंडक्टर की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल है। आसौदा थाना पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय अशोक के रूप में हुई है। वह राजस्थान के झुंझनू का रहने वाला था। जबकि राजस्थान मूल का लालचंद घायल हुआ है। अशोक एक ट्राला गाड़ी पर बतौर कंडक्टर कार्यरत था। जबकि लालचंद सेकंड ड्राइवर है। गाड़ी को चालक विशाल चला रहा था। ये माल लेकर सोनीपत की तरफ जा रहे थे। मंगलवार की सुबह आसौदा के निकट केएमपी पर पहुंचे तो इनका ट्राला सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्राले से टकरा गया। भीषण टक्कर में इनके केबिन के परखच्चे उड़ गए। संयोगवश चालक विशाल बच गया और मौके से चंपत हो गया। जबकि लालचंद व अशोक को गंभीर चोट थी।

जैसे तैसे गाड़ी से बाहर निकालकर इन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां अशोक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि लालचंद रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहन सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विशाल पर इस संबंध में केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।




**बहादुरगढ़।** दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ट्राला।

### कार की टक्कर में युवक घायल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव लुहारी में ड्यूटी खत्म करके कंपनी से पैदल घर लौट रहे एक कर्मचारी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। यह दुर्घटना सोमवार की रात करीब नौ बजे हुई। पुलिस को दी शिकायत में लुहारी गांव निवासी साहिल पुत्र सत्यवान ने बताया कि सोमवार की रात करीब नौ बजे वह गांव के ही रेस्टोरेंट पर अपने दोस्त के साथ के खाना खाने गया था। करीब साढ़े नौ बजे जब उसके पिता सत्यवान पुत्र धन्नाराम अपनी ड्यूटी खत्म करके पैदल घर लौट रहे थे तो पाटौदा की तरफ से आई एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद वह अपने पिता को उपचार के लिए रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। साहिल के अनुसार गाड़ी चालक उन्हीं के गांव, जो हादसे के बाद फरार हो गया।

### डंपर की चपेट में आने से घायल

बहादुरगढ़। गांव नूना माजरा के निकट डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान रवि के रूप में हुई है। रवि मूलतः उत्तर प्रदेश से है और यहां टांडाहेड़ी स्थित एक कंपनी में काम करता है। जानकारी के अनुसार, वह बाइक पर सवार होकर बहादुरगढ़ जा रहा था। जब नूना माजरा के निकट पहुंचा तो एक डंपर की चपेट में आ गया। राहगीरों ने उसको संभाला और अस्पताल लेकर गए। जहां से वह पीजीआई रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस पीजीआई पहुंची। वहां परिजनों के बयान लेकर डंपर चालक पर केस दर्ज किया है।

## तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से 15 गोवंश की मौत, कई गंभीर




**झज्जर।** दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस व ग्रामीण।

**झज्जर।** मंगलवार दोपहर बाद झज्जर रेवाड़ी मार्ग पर गांव दादनपुर और माछरौली के बीच तेज रफ्तार ट्राले ने सड़क किनारे चल रहे गौवंशों को टक्कर मार दी। जिसके कारण 15 गौवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जन भर से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आनन फानन में सूचना पुलिस और श्री गोकुल धाम गौसेवा महातीर्थ चिकित्सालय के संचालक को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी अनिल कुमार और काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी लेते हुए घायल गौवंशों को उपचार के लिए गोकुलधाम गौसेवा महातीर्थ चिकित्सालय भिजवाया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि काफी दूर तक गौवंश सड़क पर पड़े दिखाई दिए। जिसके कारण जहां जाम की स्थिति बन गई और पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### चालक फरार, एसीपी की शिकायत पर केस



एसीपी अनिल कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस आरोपी चालक को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## रिवाड़ी खेड़ा में रास्ता रोककर युवक को डंडों से पीटा, केस

**बहादुरगढ़।** गांव रिवाड़ी खेड़ा में रास्ता रोककर एक युवक पर हमला कर दिया गया। डंडों से हुए हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गया। पीड़ित ने अपने ही गांव के तीन युवकों पर मारपीट करने, धमकी देने का आरोप लगाया है। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिवाड़ी खेड़ा के निवासी राहुल का कहना है कि एक मई की रात को मैं मांडोठी से अपने घर लौट रहा था। करीब 11 बजे जब गांव के अड्डे पर पहुंचा तो हमारे गांव के तीन युवक मिले। उन्होंने मेरा रास्ता रोककर मारपीट शुरू करदी। डंडे, कुल्हाड़ी के बिट्टे से मुझ पर वार किए गए। हमले में मुझे काफी चोट आई। इतना ही नहीं, मेरी चांदी की चेन भी टूअ गई। इसके बाद वे धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने मुझको अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, मांडोठी चौकी पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### गाड़ी से सामान चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा गाड़ी से सामान चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी रीना ने बताया कि मेधावी तंवर निवासी दिल्ली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विजय निवासी नई दिल्ली के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से सामान बरामद करने का प्रयास करेगी।

## डीघल के मास्टर चांद सिंह ने जीते चार स्वर्ण पदक



**झज्जर।** गोवा के मप्सा में आयोजित एसबीकेएफ 12वीं नेशनल गेम्स मास्टर्स प्रतियोगिता में जिले के बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांद सिंह अहलावत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में चार स्वर्ण पदक जीत कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। डीघल गांव निवासी मास्टर चांद सिंह अहलावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों के 1620 पुरुष एवं महिला मास्टर्स व 20 वर्ष तक के एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलीन थ्रो व हैमर थ्रो में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक हासिल किए। एसबीएफके फैडरेशन के अध्यक्ष पंकज गावले ने हरियाणा टीम की शानदार जीत पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत सहित सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## पेयजल सप्लाई न आने से परेशानी

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर में पेयजल समस्या गहराई हुई है। इस वजह से लोग परेशान हैं। निर्धन प्रवासियों को पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। वार्ड-10 की पार्षद राजकुमारी धाकरे का कहना है कि उनके वार्ड में लगते छोटूराम नगर की कुछ गलियों में पेयजल समस्या गहराई हुई है। पेयजल पाइपलाइन डली होने के बावजूद कुछ गलियों में तो एक बूंद भी पानी नहीं आता। वार्ड में जगह जगह पानी की टंकियां हैं, जहां से पानी बेचा जा रहा है। इस वार्ड में ज्यादातर लोग प्रवासी हैं। ये मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार चला रहे हैं। इन्हें पानी भी खरीदकर पीना पड़ रहा है। जिससे इन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अधिकारियों को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं लेकिन समाधान नहीं हो रहा।

## स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल एनसीटीई नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त और एमडीयू रोहतक से संबद्ध इस संस्थान की वर्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन आरआईई भुवनेश्वर द्वारा किया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया 29 मई 2025 से शुरू हो गई है। संस्थान में बीए बीएड की 30 सीटें और बीएससी बीएड में 70 सीटें हैं। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को एनसीईआरटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। दाखिला प्रवेश परीक्षा की मेरिट पर आधारित है और उम्मीदवारों का चयन उनकी योग्यता परीक्षा के स्कोर के आधार पर किया जाएगा।

## प्रदेश की सीनियर नेशनल स्विमिंग टीम का चयन

■ 22 से 26 जून तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होगी सीनियर नेशनल तैराकी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम का चयन कर लिया गया। शहर की एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक अकेडमी में सीनियर नेशनल के लिए हरियाणा की टीम का टाइम ट्रायल लिया गया। इसके आधार पर विभिन्न इवेंट्स के लिए तैराकों का चयन किया गया है। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री की देखरेख में ट्रायल प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई। इसके लिए प्रदेशभर से सैकड़ों तैराक पहुंचे थे। चयन प्रक्रिया एसएफआई के तय मानकों के तहत करवाई गई। सीनियर नेशनल तैराकी प्रतियोगिता इस बार उड़ीसा के भुवनेश्वर में 22 से 26 जून तक आयोजित होगी।

■ हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री की देखरेख में ट्रायल प्रक्रिया सम्पन्न

■ चयन प्रक्रिया एसएफआई के तय मानकों के तहत करवाई गई



**बहादुरगढ़।** सीनियर नेशनल के लिए ट्रायल में भाग लेते तैराक।

अनिल खत्री ने बताया कि सीनियर नेशनल में पिछली बार हरियाणा के हिस्से में एक मेडल आया था, लेकिन इस बार दोनों कैटगरी में हरियाणा के तैराक मेडल जीतेंगे। हरियाणा तैराकी संघ के अध्यक्ष सांसद धर्मबीर सिंह के नेतृत्व में तैराकी प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। सब जूनियर और जूनियर लेवल पर तैराक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रायल के दौरान रवि सिंगारी, सुरेश जून, कोच साई जाधव, पदमपाल, कृष्णमुरारी, विशाल, बंटी, प्रकाश कादयान, रामस्वरूप, रविंद्र, एके पंडित, प्रवीण व अन्य मौजूद रहे।

## सड़क की गुणवत्ता पर नगर परिषद चेयरपर्सन राठी ने भी उठाए सवाल

■ सेक्टर 2 व सेक्टर 6 में तारकोल से बनी सड़कों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने मंगलवार को सेक्टर 2 व सेक्टर 6 में तारकोल से बनाई गई सड़क के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उनके अनुसार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा बनवाई गई यह सड़कें गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी तरह से फेल नजर आ रही हैं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण में पूरी तरह से लापरवाही बरती गई है। अधिकारियों की बेरुखी के कारण विकास कार्यों में गुणवत्ता की जानबूझकर ढिलाई बरती जा रही है। वे इसकी लिखित शिकायत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों से करेंगी। उनके अनुसार नवनिर्मित सड़कों की गुणवत्ता से साफ है कि बरसात में यह सड़कें फिर से टूट जाएंगी और सरकारी धन बर्बाद हो जाएगा। इस अवसर पर रमेश राठी व पवन रोहिल्ला भी मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** सड़क की गुणवत्ता का जायजा लेती चेयरपर्सन सरोज राठी।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



हॉलीवुड मसाला

## गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




## रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



## सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



## धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की सक्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

टीवी मसाला

## ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीजन 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

## धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो




**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने

## लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आजम को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

**खबर संक्षेप**


झज्जर। सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए जिले सिंह सैनी।

## राव तुलाराम चौक से शुरू किया सफाई अभियान

झज्जर। अलसुबह करीब सात बजे नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, पार्षद दिनेश काले, यशपाल कुक्कू, नरेश आलू आदि के साथ सिलानी गेट स्थित राव तुलाराम चौक पहुंचे। यहां उन्होंने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत दिन की शुरुआत करते हुए चौक पर साफ-सफाई के कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान चेयरमैन व पार्षदों ने भी झाड़ू लगाई। इसके उपरांत नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

### निर्धारित सीमा से बाहर रखे गए स्टैंडी, कैनोपी व काउंटर किए जब्त

# नप कर्मियों ने हटवाया अतिक्रमण

■ अधिकारियों ने बताया कि उनका यह अभियान भविष्य में जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस टीम द्वारा बाजार के विभिन्न स्थानों का दौरा करते हुए दुकानदारों द्वारा सड़क पर किया अतिक्रमण हटवाया गया। नगर परिषद अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर चलाए गए इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज नरेश संधू व उनकी टीम भी शामिल रही। इस दौरान पुलिस एवं नगर परिषद टीम द्वारा शहर के तुलाराम चौक से सिलानी गेट, त्रिमूर्ति मंदिर, यादव धर्मशाला, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, पुराना बस अड्डा रोड, छिक्कारा चौक, घौड़ चौक तथा घौड़ चौक से भगत सिंह चौक व महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम तक के मार्ग का निरीक्षण करते हुए दुकानों के बाहर निश्चित सीमा से बाहर रखे सामान को ट्रैक्टर-ट्राली में डलवाया गया। इस दौरान टीम सदस्यों ने दुकानों के बाहर लगी स्टैंडी, बैनर, कैनोपी और काउंटर आदि को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उनका यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। इस अभियान में सफाई दरोगा मुकेश सोनी, मनोज व संजय के अलावा नपा सफाई कर्मचारी यूनियन इकाई के प्रधान शिवम, विकास उज्जैनवाल, गौरव सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। शहर के घौड़ चौक पर अतिक्रमण हटाते हुए नप कर्मी, दुकानों के बाहर लगे अवैध काउंटर, बैनर आदि ले जाते हुए नप कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि




बहादुरगढ़। इस्कॉन द्वारा आयोजित कैंप में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## इस्कॉन का समर कैंप संपन्न

बहादुरगढ़। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) बहादुरगढ़ द्वारा आयोजित समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। चार दिवसीय शिविर में बच्चों को आध्यात्मिक आनंद, रचनात्मकता और जीवन मूल्यों से भरपूर प्रेरणादायक अनुभव दिया गया। इस शिविर में बहादुरगढ़ केंद्र पर 5 से 14 वर्ष की आयु के 75 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रत्येक बच्चे को विशेष रूप से तैयार की गई समर कैंप बुकलेट प्रदान की गई। बच्चों के लिए शिविर में वैदिक कहानियां, कला एवं शिल्प, नाट्य कला, मंत्र ध्यान, योग, और नीति-आधारित खेल जैसे अनेक रोचक और शिक्षाप्रद सत्र आयोजित किए गए। प्रतिदिन की शुरुआत हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन से होती थी। शिविर का आयोजन गोपाल्स गार्डन स्कूल (साप्ताहिक वैदिक स्कूल) द्वारा किया गया था। जिसका उद्देश्य बच्चों के मन में वैदिक संस्कृति और सनातन मूल्यों की स्थापना करना था। शिविर के समापन समारोह में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने भक्ति पर आधारित नाटकों और कला प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी प्रतिभा और शिविर के दौरान सीखी गई बातों को सांझा किया। सभी प्रतिभागियों को प्रसाद, प्रमाणपत्र और पुरस्कार वितरित किए गए।

# वर्चुअल टूर के माध्यम से विद्यार्थियों ने की पंजाब के पर्यटक स्थलों की सैर

■ विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा के 10-10 वाक्य याद करने के लिए दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में लगे हुए भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर कैंप में दूसरे दिन विद्यार्थियों को सिखाई गई पंजाबी भाषा का पुनः अभ्यास कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि प्रशिक्षक जसवंत सिंह तथा राहुल तिवारी ने विद्यार्थियों से पंजाबी भाषा की गिनती व वर्णमाला सुनी। इसके बाद विभाग द्वारा दिए गए शेड्यूल के अनुसार दूसरे दिन विद्यार्थियों को पंजाब के पर्यटक स्थलों का वर्चुअल टूर करवाया गया, जिसमें बच्चों को गोल्डन टेंपल, जलियांवाला बाग, बाघा बॉर्डर आदि 5 से 6 स्थानों की वीडियो उन्हें डिजिटल बोर्ड पर दिखाई गई। बीच-बीच में वीडियो रोककर गणित अध्यापक सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को पर्यटक स्थलों की विस्तार से जानकारी दी। अंत में विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा के 10-10 वाक्य याद करने के लिए दिए गए।


झज्जर। समर कैंप में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। समर कैंप का अवलोकन करते हुए जिला परियोजना संयोजक रतेंद्र।

## जिले के विद्यालयों में किया जा रहा समर कैंप का आयोजन

झज्जर। भाषा की गुणवता व सांस्कृतिक जागरूकता के लिए जिले के विद्यालयों में छठीं से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना संयोजक रतेन्द्र ने बताया कि वर्तमान में भाषा का स्तर सोशल साईटों के बढ़ते चलन के कारण प्रभावित हो रहा है व वर्तमान पीढ़ी अपने सामाजिक मूल्यों संस्कृति के प्रति उदासीन है। इसे बढ़ाने लिए विभाग ने एक अच्छी पहल करते हुए जिले के सभी स्कूलों में कक्षा 6-12 कक्षाओं के लिए समर कैंप का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग गतिविधियां दी गई हैं जिसके अनुसार अध्यापक कार्य कर रहें हैं। एपीसी धर्मेंद्र ने बताया कि 2 जून से 8 जून तक आयोजित होने वाले इन कैंपों में प्रत्येक विद्यालय का भाग लेना अनिवार्य है। कैंप की अवधि प्रतिदिन 4 घंटे की रहेगी। स्कूलों को कैंप की उपलब्धि व अनुभव को एसएमसी व विभाग के साथ सांझा करना अनिवार्य है। एपीसी विशाल दहिया के अनुसार कैंप का एक उद्देश्य सांस्कृतिक जारुकता भी है। कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानने के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों के तीज-त्यौहार व रहन-सहन को जानने व समझने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# जनकल्याण के लिए रामकिशन दास महाराज की 31 दिवसीय धूणी तपस्या

■ 3 वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था एवं भक्ति भाव के साथ पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के सेक्टर नौ स्थित प्राचीन देवालय आश्रम के गेट पर भीषण गर्मी में आश्रम के महंत इंद्रदास महाराज के सानिध्य में रामकिशन दास महाराज की अखंड पंच धूनी अग्नि तपस्या जारी है। जिसके 23 वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था एवं भक्ति भाव के साथ पहुंचे, 31 दिवसीय इस तपस्या का समापन 11 जून को होगा। गर्मी के मौसम में जहां साधारण मानव का दो मिनट भी धूप में खड़ा होना परेशान कर देता हैं, वहीं रामकिशन दास महाराज 31 दिनों तक हर दिन सवा ग्यारह से सवा दो बजे तक अग्नि के बीच बैठकर मौन धारण कर तपस्या कर रहे है। रामकिशन दास महाराज ने बताया कि अखंड पंच धूनी अग्नि तपस्या का महत्व बहुत गहरा है। तपस्या में पांच अग्नि ढेर संदेश देते हैं कि मनुष्य शरीर पांच तत्वों से बना है तथा पंच तत्वों के द्वारा इस समस्त सृष्टि का निर्माण हुआ है। उन्होंने इस मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास के दौरान सभी देवी देवता पृथ्वी लोक पर विचरण करते हैं। उन्होंने बताया कि यह पांचों तत्वों से बने मानव शरीर के कारकों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जो कोई व्यक्ति पंच धूनी के चारों तरफ परिक्रमा लगाता है उसके कष्ट दूर होते हैं।


झज्जर। देवालय आश्रम में धूणी तपस्या करते हुए रामकिशन दास महाराज।

# श्रीराम कथा के दौरान भाव विभोर हुए श्रद्धालु


झज्जर। श्रीराम कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान मंगलवार को राम वनवास का वृंतात सुनाया गया। महंत परमानंद गिरी की अध्यक्षता में चल रही इस कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य उपेंद्र ने बताया कि श्रीराम कथा जीवन का सार है। यह हमारे समस्त संसार के संशय को मिटाने वाली है। इस कथा में जयंत जो कि इंद्र का पुत्र था, जिसके द्वारा मैया सीता का अपमान हुआ भगवान ने उसको माफ नहीं किया। जब शबरी ने पूरा जीवन भगवान भजन किया तो अंतिम समय में भगवान स्वयं चलकर उनके पास गए और शबरी को दर्शन दिए।

शबरी ने भगवान से नवधा भक्ति बारे पूछा तो उन्होंने बताया कि जीवन में एक भक्त जरूर होना चाहिए जिससे हम अपना कल्याण कर सकें। इस दौरान श्री सुंदरकांड की कथा में हनुमान जी का सेवा भाव दिखाई देता है। सेवा भाव के द्वारा हनुमान जी ने सीता मैया की खोज की और रावण को संदेश दिया कि जीवन में अहंकार करना घातक होता है।

# परनाला में अशोक राठी ने बांटी साइकिल

■ आमजन को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव परनाला में मंगलवार को विश्व साइकिल दिवस के मौके पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने बिजेंद्र व जैना को साइकिल भेंट कर प्रोत्साहित किया। साथ ही आमजन को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया।

सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने बताया कि हर वर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। बेहतर मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए लोगों को साइकिल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नियमित साइकिल चलाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शरीर में चर्बी जमा नहीं होती है। रोजाना 20 मिनट की साइकिलिंग व्यक्ति को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ कई बीमारियों से बचाती है। हमें कम दूरी के लिए साइकिल का प्रयोग करना चाहिए। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम स्वयं भी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस मौके पर राठी खाप के प्रधान रणबीर राठी, तेजपाल, प्रीतम, जय सिंह, कुक्कू, अनिल, जोगी, अमित, रमेश, कुलबीर, राहुल, प्रीतम, सचिन व सचिव मोहित गुलिया आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। बिजेंद्र व जैना को साइकिल देते अशोक राठी। फोटो :हरिभूमि

## छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

झज्जर। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शहर के छिक्कारा चौक पर छबील का आयोजन किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था सदस्या पूनम देशवाल ने कहा कि हर साल इन दिनों में बहुत अधिक गर्मी पड़ती है। पानी राहगीरों की इम्युनिटी बूस्ट करने कर कार्य करता है। इसलिए लोगों को राहत देने के लिए छबील का आयोजन किया गया है। इस दौरान विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को छोटी दूरी तय करने के लिए साइकिल का इस्तेमाल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। छबील के दौरान सैंकड़ों राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, साहिल, यश जांगड़ा, योगेश, संदीप, प्रवीन, लक्ष्य, पवन, पूनम, ख़ुशी, अश्वनी, पिंकी, प्रीति, धर्मेंद्र, जॉनी, नमय, विकास सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। छबील के दौरान राहगीरों को शर्बत पिलाते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# उपायुक्त ने किया लघु सचिवालय का निरीक्षण


बहादुरगढ़। लघु सचिवालय में निरीक्षण करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को बहादुरगढ़ स्थित लघु सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति, नागरिक सेवाओं की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।

उनके साथ डीसीपी मयंक मिश्रा व एसडीएम नसीब कुमार भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने लघु सचिवालय परिसर की सफाई व्यवस्था और बैठने की सुविधाओं में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर रहें और आम लोगों के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता दिखाएं। कार्यालयों में देरी, लापरवाही या गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे प्रत्येक कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करें।

### मानेसर के करमकेलैंड में आयोजित 'सनडाउन रन' मैराथन

# मानेसर और नोएडा में जीते बीआरजी के धावक

■ दस किलोमीटर रेस के ओपन वर्ग में सत्यवान डागर प्रथम और महिलाओं में हीना फोगाट द्वितीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मानेसर के करमकेलैंड में आयोजित 'सनडाउन रन' मैराथन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने जबरदस्त उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं नोएडा 10के चैलेंज में भी बीआरजी ने परचम लहराया। ललिता पांडे ने 40 प्लस कैटेगरी में द्वितीय स्थान और ब्रह्मप्रकाश मान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपक छिल्लर ने बताया कि मानेसर में हुई मैराथन में बीआरजी के 55 प्रतिभागियों समेत देशभर से करीब 2500 धावकों ने दौड़ लगाई। पांच किलोमीटर रेस के ओपन वर्ग में संजू सैनी प्रथम और बादल तृतीय रहा। वहीं 40-50 आयु वर्ग में धर्मवीर प्रथम, रोहतास द्वितीय और महिलाओं में उरिरेई देवी द्वितीय रही। जबकि 50-60 आयु वर्ग में आरपीएस बावा द्वितीय रही। अंडर-14 वर्ग में मोक्ष प्रथम, अंश कुमार द्वितीय और प्रतीक तृतीय रहा इसके अलावा 14-18 आयु वर्ग में कुणाल प्रथम, चिंटू फोगाट द्वितीय और मयंक बोहरा तृतीय रहा। वहीं 18-30 आयु वर्ग में भुवेश सिंह तृतीय रहे। दस किलोमीटर रेस के ओपन वर्ग में सत्यवान डागर प्रथम और महिलाओं में हीना फोगाट द्वितीय रही।

वहीं 40 प्लस वर्ग में शलभ खरे प्रथम, नरेंद्र जांगड़ा द्वितीय, 50 प्लस वर्ग में शमशेर सिंह प्रथम, 60 प्लस वर्ग में सुनील सिकरी प्रथम, रविंद्र दहिया द्वितीय रहे। इसके अलावा 21 किलोमीटर हाफ मैराथन के ओपन वर्ग में गुलाब सिंह तृतीय और 30 प्लस आयु वर्ग में लक्ष्मण सिंह पंवार द्वितीय रहे।


बहादुरगढ़। मैराथन में जीतने के बाद उत्साह प्रकट करते बीआरजी के धावक। फोटो :हरिभूमि

## गंदगी फैलाने व वर्जित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के चालान किए

झज्जर। नगर परिषद द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान जहां बाजार से अतिक्रमण हटाया जा रहा है और साफ-सफाई का कार्य जोरों पर हैं वहीं सफाई दरोगाओं द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने व गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के चालान भी किए जा रहे हैं। सफाई दरोगा सुंदरलाल ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को अपने साथी अमित दरोगा के साथ शहर के गुरुग्राम रोड की दुकानों का निरीक्षण करते हुए दो दुकानदारों के प्रतिबंधित पॉलीथिन उपयोग करने संबंधी व दो अन्य दुकानदारों के गंदगी फैलाने से संबंधित चालान किए गए। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने के प्रति जागरूक भी किया।


झज्जर। दुकानदारों का चालान करते हुए सफाई दरोगा। फोटो :हरिभूमि

**NOTICE**

I, Seema Yadav W/o Sh. Mukesh Kumar R/o Arya Nagar Jhajjar, Tehsil & Distt. Jhajjar declare that in my 10th marksheet my name is mentioned as SEEMA but in other documents my name is mentioned as SEEMA YADAV. SEEMA and SEEMA YADAV both the names are of one and the same person.

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेविकाओं ने साइकिल चलाने की दी प्रेरणा

**बहादुरगढ़।** वैश्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में मंगलवार को विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। सरकार की तरफ से चलाए गए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत वाईआरसी व एनएसएस वॉलिंटियर्स ने लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वयं भी साइकिल चलाकर जन-जन को प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि साइकिल चलाने से हम शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी साइकिल अहम भूमिका निभाती है।

### पूर्व सीएम भजनलाल को किया याद

**बहादुरगढ़।** पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की पुण्यतिथि पर हिसार में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा बिश्नोई मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के साथ रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भजनलाल ने सर्व समाज को साथ लेकर प्रदेश में विकास कार्य करवाए। इस अवसर पर रोहित प्रधान, हरीश सैनी, जीवन, ललित, सुभाष, नीरज, आदि मौजूद रहे।

### शहरी क्षेत्र से क्रेटा गाड़ी चोरी, मामला दर्ज

**झज्जर।** रोहतक के कलानौर कलां निवासी एक व्यक्ति ने क्रेटा गाड़ी चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस को दी ऑनलाइन शिकायत में कलानौर कलां निवासी नवीन ने बताया कि वह मंगलवार को किसी काम से झज्जर आया था जहां से उसकी कार चोरी हो गई। उसने अपनी गाड़ी को तलाशने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिनेश कौशिक ने विधायक राजेश जून के दावों को बताया गलत

- जीत पर घमंड करने की बजाय हलके का विकास करवाने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

बेशक बहादुरगढ़ के निवासियों को विकास कार्य धरातल पर उतरने का इंतजार है। लेकिन फाइलों में सीमित विकास का श्रेय लेने के लिए भाजपा नेताओं में होड़ मच गई है। सोमवार को विधायक राजेश जून द्वारा विकास कार्य करवाने संबंधी दावे किए गए। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने उनके आग्रह पर 180 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को सहमति दी थी। विधायक भी नए काम करवाएं तो हलके के लिए बेहतर होगा। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने इशारों में कटाक्ष करते हुए कहा कि वे वोटर कार्ड या आधार कार्ड देखकर काम नही करते। उनके अनुसार चुनावों में हार जीत चलती रहती है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा ने कहा कि कुछ नेताओं ने चुनाव में भी गद्दारी की थी। कुछ लोग लगातार पार्टीलाइन के खिलाफ बोलते हैं, उन पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।



बहादुरगढ़। भाजपा नेताओं के साथ अपना पक्ष रखते दिनेश कौशिक।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रमेश राठी, भीम सिंह प्रणामी, संजय सैनी, अशोक शर्मा, कर्मबीर शर्मा, हरिमोहन धाकरे, अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने पहले टिकट देकर पूरा सम्मान दियाः दिनेश कौशिक

दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा ने पहले टिकट देकर पूरा सम्मान दिया और अब उनके आग्रह पर बहादुरगढ़ के विकास के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत करके उनका मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वे भाजपा नेतृत्व के आदेश पर मेहनत करते हैं। जो जिम्मेदारी लगती है, उसे पूरा करते हैं। दिनेश कौशिक ने कहा कि इस तरह घमंड करना ठीक नहीं है। सब काम करवाओ बाकि समय बताएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को सब पता लग रहा है। दिनेश कौशिक ने बताया कि 3 जनवरी को बहादुरगढ़ की सब्जी मंडी में उन्होंने तत्कालीन जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा के साथ सीएम से 19 मांगे रखी थी। जिनमें से 12 कार्यों की घोषणा तो मुख्यमंत्री ने हजारों लोगों की उपस्थिति में करते हुए 110 करोड़ के काम मंजूर किए थे। इनमें झज्जर रोड, उत्तरी बाईपास, बहादुरगढ़ को निगम व जिला बनाने के साथ छठ घाट के निर्माण आदि काम शामिल थे। इसके अलावा डेढ़ साल पहले करीब 70 करोड़ के काम जनसंवाद के माध्यम से पहले ही उनके आग्रह पर मंजूर किए जा चुके थे। उन्होंने दावा किया कि सीएम ने उनसे और राजपाल जांगड़ा से पूछकर ये काम मंजूर किए हैं। इनके आधार पर वार्डों और गांवों के कामों की फिजिबिलिटी चैक हो रही है। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने भी 3 जनवरी की रैली में उन्हें भी विधायक के समकक्ष संबोधित करके मान बढ़ाया था। हम काम करने में विश्वास रखते हैं। हमारी बात हर अधिकारी मानता है। किसी को बदलवाने की बजाय काम करवाने में हमारी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी होने का दावा करने वाले अब भाजपा का नेतृत्व स्वीकार रहे हैं। हालांकि उनके जैसी बयानबाजी भाजपा की संस्कृति नहीं है। भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा सार्वजनिक सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि रामायण काल में भी विभीषण थे। सब सद्बुद्धि से काम करें तो बेहतर होगा।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

# फ्री स्टाइल में रजत, ग्रीको में हरदीप ने जीता जिला केसरी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हो गई। शानदार प्रदर्शन करते हुए रोहद के रजत रुहल ने फ्री स्टाइल तथा हरदीप पहलवान ने ग्रीकोरोमन शैली में जिला केसरी के खिताब अपने नाम किए। विजेता पहलवान सम्मानित किए गए।

दरअसल, जयवीर अखाड़े में दो जून को जिला स्तरीय अखाड़ा, जिला केसरी व जिला कुमार प्रतियोगिता शुरू हुई थी। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में काफी पहलवानों ने भाग लेकर दमखम दिखाया। दूसरे दिन मंगलवार को जिला केसरी व कुमार के मुकाबले हुए। फ्री स्टाइल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय पहलवान रजत रुहल ने जिला केसरी का खिताब अपने नाम किया। रजत गांव रोहद से है। वहीं ग्रीको रोमन में हरदीप बामड़ोली ने जिला केसरी में बाजी मारी। ये दोनों पहलवान हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करते हैं।



बहादुरगढ़। कुश्ती से पहले पहलवानों को आशीर्वाद देते अतिथि।

### जयवीर ने जीता कुमार का खिताब

जिला कुमार का खिताब जयवीर अखाड़े के विकास रोहद ने जीता। ग्रीको रोमन में यह खिताब मांडोठी के विकास पहलवान ने अपने नाम किया। डीएसओ सत्येंद्र नांदल, अखाड़ा संचालक जयवीर, जीते प्रधान, कदम कोच, मुकेश, संजय, मनु, संजीत, विजय, अशोक, रामबीर व रामरत्न आदि ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। कोच जयवीर ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में काफी अच्छे मुकाबले देखने को मिले। जिला स्तरीय अखाड़ा, कुमार, केसरी जीतने वाले पहलवान अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



झज्जर। होनहार खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकों के साथ मेडल दिखाते हुए।

## जिला स्तर पर छाए झज्जर के तैराक, किया जोरदार स्वागत

- शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचएल सिटी बहादुरगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय ओपन जूनियन, सब जूनियर व सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में झज्जर के तैराकों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सभी विजेता तैराकों का ब्लू बर्ड स्वीमिंग एकडेमी में पहुंचने पर प्रशिक्षकों व साथी खिलाड़ियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वीमिंग कोच पूर्व नौ सैनिक प्रवीन सहरावत ने बताया कि उनकी एकेडमी के सभी तैराकों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते है। उन्होंने बताया कि चिराग ने ग्रुप टू में तीन सिल्वर व दो ब्रांज मेडल, ईशिका ने ग्रुप छह में एक गोल्ड, दीक्षिका ने ग्रुप छह में एक गोल्ड, ईशिका ने ग्रुप टू गर्ल्ज में पांच गोल्ड मेडल जीते है। वहीं सीनियर वर्ग में उद्यम ने एक सिल्वर व एक ब्रांज मेडल, ओशो ने ग्रुप वन में एक गोल्ड, एक सिल्वर मेडल, अक्षय ने ग्रुप वन में दो ब्रांज, जय ने ग्रुप वन में दो सिल्वर, एक ब्रांज मेडल वहीं देवांश ने ग्रुप छह में एक गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वीमिंग कोच पूर्व सैनिक अमित व स्वीमिंग कोच पूर्व सैनिक जितेंद्र ने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# आढ़ती पर खराब गुणवत्ता वाला गेहूं देने और बकाया बारदाना न देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव माजरा-डी स्थित अनाज मंडी के एक आढ़ती के खिलाफ खराब गुणवत्ता वाला गेहूं देने व बकाया बारदाना ना देने के संबंध में कानूनी कार्रवाई करने की शिकायत निरीक्षक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के खरीद इंचार्ज द्वारा दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में खरीद इंचार्ज रंजन ने बताया कि रबी खरीद सीजन 2025-26 के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा खरीद केंद्र, माजरा-डी गेहूं की सरकारी खरीद के लिए सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वीरवार व शनिवार को खाद्य एवं पूर्ति विभाग को अलॉट किया था। जिसमें उसके साथ उप निरीक्षक अजय कुमार की नियुक्ति विभाग की तरफ से किसानों के गेहूं की सरकारी खरीद के लिए लगाई गई थी। रंजन के अनुसार इसी क्रम में मैसर्ज संजीत ट्रेडिंग कंपनी, आढ़ती खरीद केंद्र, माजरा-डी द्वारा 19130 कट्टे 9565 क्विंटल की खरीद कराई गई। बाद में ई-खरीद पोर्टल हरियाणा व विभिन्न भंडारण स्थलों से प्राप्त सूचना से ज्ञात हुआ कि इस आढ़ती द्वारा किसानों के खरीद किए गए 624 कट्टे 312 क्विंटल गेहूं, खराब गुणवत्ता के कारण भंडारण स्थलों से वापिस आए हैं। अधिकारियों के अनुसार इस संबंध में बार-बार आढ़ती के मोबाइल व वहां कार्यरत कर्मचारी सुनील के नंबरों पर संपर्क साधा गया लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

### मामला दर्ज

*शिकायत के अनुसार इस संबंध में सचिव मार्केट कमेटी बेरी को भी पत्र लिखकर संबंधित आढ़ती के विरुद्ध नोटिस जारी करने को लिखा गया तथा कमेटी द्वारा आढ़ती को नोटिस भी जारी किया और व्यक्तिगत तौर भी नोटिस सौंपा गया लेकिन अभी तक उनके द्वारा देनदारी नहीं दी गई जिनकी राशि करीब 36 लाख रुपये बनती है। इस संबंध में पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।*

### कराटे खिलाड़ियों ने पास किया बेल्ट टेस्ट

**बहादुरगढ़।** इंडियन फाइटर्स क्लब में कराटे बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें झज्जर जिले के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। हरियाणा एसोसिएशन के अध्यक्ष रजनेश चौधरी ने बताया कि टेस्ट में पास हुए खिलाड़ियों को बेल्ट और सर्टिफिकेट्स दिए गए। चेयरमैन अशोक सिहाग ने सभी को बधाई दी। तेजस शर्मा, वैभव गुप्ता, भव्य जैन, मेविन, अंकित शीद्योह, पार्थ शौकीन, रूपेश, विवान पाराशर, तनिषा, परी व मनन ने येलो बेल्ट जीती। वीरेन प्रताप नांदल, सिद्धांत, अर्जुन सिंह, रेयांश बेनीवाल, दिव्यांशी व नैतिक ने ऑरेंज बेल्ट जीती। राधिका, अंश राठी, अक्षत राठी और चित्रा ने ग्रीन बेल्ट हासिल की। माइकल व नवजीत दलाल ने ब्राउन बेल्ट प्राप्त की।



*मार्च से लेकर अब तक तीन महीने का वेतन बकाया*

# वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारियों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद में ठेके के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारियों का वेतन संबंधित मामला नहीं सुलझ पा रहा। कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर हड़ताल करते हैं तो अधिकारी आश्वासन देकर उन्हें काम पर वापस बुला लेते हैं। अब एक बार फिर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। मंगलवार को कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की और तीन महीने का वेतन देने की मांग उठाई। कर्मचारियों का कहना है कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए वह अपने स्वास्थ्य का जोखिम उठाकर सफाई करते हैं। बदले में हमें समय पर मेहनताना तक नहीं मिलता। मार्च से लेकर अब तक तीन महीने का वेतन बकाया है। यह समस्या पिछले काफी समय से चली आ रही है। जब हम हड़ताल करते हैं तो अधिकारी आश्वासन देते हैं और फिर थोड़े रुपये देकर शांत करा दिया जाता है। समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा। वेतन न मिलने के कारण बहुत परेशानी हो रही है। परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। चेयरपर्सन, ईओ आदि सभी अधिकारी कहते हैं कि डीएमसी का तबादला हो गया है। डीएमसी के आते ही साइन करवाकर सेलरी मिल जाएगी।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर अनिल प्रधान, मोनू, सागर, विजय, राजकुमार, सनी, अमित, दर्शना, सरोज, पिंकी, अनिता, रानी, सुनील, सोनू, प्रवीण आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नगर परिषद गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी।



बहादुरगढ़। संजीला गौतम का स्वागत करते राकेश सांगवान व अन्य।

### मॉडर्न स्कूल में हुआ भारत सुंदरी का स्वागत

**बहादुरगढ़।** शहर के मॉडर्न स्कूल में मंगलवार को भारत सुंदरी संजीला गौतम का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य अरूणेश, उपप्रधानाचार्या सरिता कुमारी, निदेशिका उर्मिला सांगवान व निदेशक राकेश सिंह सांगवान आदि ने उनका स्वागत सम्मान किया। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय मंत्री एवं श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर कृष्णानंद जी महाराज ने संजीला गौतम को शुभ आशीर्वाद दिया। वहीं स्कूल की छात्राओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। सौंदर्य खिताब जीतने के साथ ही संजीला गौतम ने राधिका माधवियम तथा द्रोपदी चीरहरण जैसे नाटकों की रचना करके हिन्दी साहित्य व संस्कृति को जागृत किया है। संजीला गौतम नाटक के साथ ही गायन में भी पारंगत हैं। उन्होंने कहा कि मॉडर्न स्कूल में बेटियों को बलवान, संस्कारी एवं सुरक्षित बनाने का अनुकरणीय काम हो रहा है। उन्होंने मॉडर्न स्कूल में चल रहे विश्व हिंदू परिषद के हरियाणा प्रांत दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भी भाग लिया।

# आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन

- विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



आदित्य | अतुल | तेजल

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे तथा तकनीकी क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि सूरज संस्थानों के विद्यार्थियों ने इस वर्ष घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड सहित जेई मेन्स, सीए, नीट, आदि सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



बहादुरगढ़। जलनिकासी उपायों का निरीक्षण करते जिला उपायुक्त।

### डीसी ने किया जलनिकासी के प्रबंधों का निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार सुबह बहादुरगढ़ पहुंचकर जलनिकासी और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कसार लिंक ड्रेन, मुंगेशपुर ड्रेन, एचएसवीपी, पब्लिक हेल्थ के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित सेक्टर-2, 6 व 7 में नालों व सड़कों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। डीसी ने कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। एसडीएम भी जल निकासी नालों और ड्रेन के सफाई कार्य की निरंतर समीक्षा करेंगे। उन्होंने नप अधिकारियों को रोजाना सफाई की प्रगति रिपोर्ट फोटो सहित भेजने के निर्देश दिए। इस मौके एसडीएम नसीब कुमार, कार्यकारी अभियंता अमन मोर, ईशान सिवाच, ईओ संजय रोहिल्ला व तहसीलदार जगदीश आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने नागरिकों से सड़कों और नालों पर अतिक्रमण नहीं करने, खुले में पॉलीथिन नहीं फैंकने और शहर को स्वच्छ बनाने के अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**शिक्षा** विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर 9 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन : डॉ. भारद्वाज

# जिले के सात कॉलेजों में उपलब्ध है वैकल्पिक विषय संस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर आगामी नौ जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नई शिक्षा नीति में संस्कृत का विशेष स्थानः डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि संस्कृत न केवल एक भाषा है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, दार्शनिक और वैज्ञानिक धरोहर का मूल स्रोत है। इसे पढ़ना हजारों वर्षों की ज्ञान परंपरा से सीधा जुड़ाव है। औपनिवेशिक प्रभाव के कारण अंग्रेजी को आधुनिकता, रोजगार और सफलता की भाषा माना जाने लगा। शिक्षण संस्थानों और रोजगार क्षेत्रों में अंग्रेजी को प्राथमिकता दिए जाने से संस्कृत को समुचित महत्त्व नहीं मिल पाया और इसे सिर्फ पूजा-पाठ और अध्यात्म तक सीमित कर दिया गया लेकिन नई शिक्षा नीति में संस्कृत भाषा को भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार मानते हुए विशेष स्थान प्रदान किया गया है। इस नीति में प्रावधान है कि संस्कृत समेत सभी भाषाएं तकनीकी, वैज्ञानिक, और व्यावसायिक शिक्षा का माध्यम भी बन सकें। कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत योग्यता संवर्द्धन पाठ्यक्रम (एईसी) के तहत किसी भी संकाय के विद्यार्थी संस्कृत विषय पढ़ सकते हैं। रोजगार और करियर के अवसरः संस्कृत के विद्वानों की आवश्यकता विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, मठों, संग्रहालयों और अनुवाद केंद्रों में बनी रहती है।

**वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोणः** संस्कृत को कंप्यूटर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा कहा गया है क्योंकि इसकी संरचना वैज्ञानिक और व्याकरणिक रूप से स्पष्ट है। संस्कृत श्लोकों में गणितीय, खगोलशास्त्रीय, चिकित्सा और वास्तु संबंधित गहरी जानकारी मिलती है।




झज्जर। राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय का फाईल फोटो।

### ये कॉलेज है सम्मिलित

सात कॉलेजों में है वैकल्पिक विषय संस्कृतः जिले के छह सरकारी और एक एडिड कॉलेज में स्नातक स्तर पर संस्कृत का वैकल्पिक विषय उपलब्ध है। इनमें राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय बादली, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़, राजकीय महाविद्यालय दुजाना, राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़, राजकीय महाविद्यालय दूबलधन और महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय सम्मिलित हैं।

# जिले की सभी 14 आईटीआई में छह जून से होगी दाखिला प्रक्रिया शुरू




झज्जर। आईटीआई एट गुढ़ा भवन का फाईल फोटो।

**झज्जर।** जिले की सभी आईटीआई में सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने जा रही है। आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि छह जून से ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरु होगी। जिला झज्जर के 14 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों झज्जर एट गुढ़ा में 508, झज्जर एट गुढ़ा महिला में 152, आसौदा में 128, बहादुरगढ़ में 652, बहादुरगढ़ महिला में 176, भापड़ोदा में 284, छारा में 316, दूबलधन में 128, जहांगीरपुर में 152, मातनहेल में 568, साल्हावास में 504, खुड्डन में 192, पहाड़ीपुर में 172 तथा सैनिक परिवार भवन में 72 सीटों पर दाखिला आवेदन प्रक्रिया की जाएगी।